मूल्य 1 रु.
वर्षः 12 - अंक : 190, मुंबई, सोमवार, 5 सितंबर, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34116 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर






## टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री का निधन

### मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर डिवाइडर से टकराई मर्सिडीज, कार चला रही महिला डॉक्टर घायल



**मुंबई।** टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री का सड़क हादसे में निधन हो गया है। मुंबई से सटे पालघर में एक सड़क हादसे में सायरस मिस्त्री की मौत हो गई है। साइरस मिस्त्री की कार रोड के डिवाइडर से टकरा गई। इस वजह से साइरस मिस्त्री की मौत हो गई। यह दुर्घटना पालघर के चोराटी इलाके में हुई है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### रतन टाटा के संबंधी थे साइरस मिस्त्री

साइरस मिस्त्री एक खरबपति परिवार से ताल्लुक रखने वाले देश के जानेमाने व्यापारी और उद्योगपति थे। उन्होंने बिजनेस की पढ़ाई लंडन से की थी। 2012 में टाटा समूह के चेयरमैन बने थे। अध्यक्ष रहते हुए उनका टाटा समूह मे करियर विवादास्पद रहा था। रतन टाटा से उनकी नहीं बनी थी। बाद में उन्होंने (2016) टाटा ग्रुप छोड़ दिया था। वह रियल स्टेट के खरबपति व्यापारी पलोनजी शापूरजी मिस्त्री के छोटे बेटे हैं।

### 17 से 20 बिलियन डॉलर संपत्ति के मालिक

करीब 17 से 20 बिलियन डॉलर की संपति के मालिक के सबसे छोटे बेटे थे साइरस मिस्त्री। साइरस मिस्त्री के पिता की चार संतानें थीं। साइरस मिस्त्री से बड़े एक भाई और उनकी दो बहनें हैं। बड़े भाई का नाम शापूर और बहनों का नाम लैला और अल्लू है। उनकी एक बहन की शादी रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा से हुई है। इस तरह से वे रतन टाटा के रिश्तेदार भी हैं। एक और अहम बात यह भी है कि मशहूर फिल्म मुगले आजम के फाइनांसर साइरस मिस्त्री के दादा थे।

## गणपति बप्पा के दर्शन करने पहुंचे पत्रकार व समाजसेवी दिलशाद एस.खान



### दिलशाद एस. खान ने उषा प्रवीण गांधी कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एंड कॉमर्स जूहु के बच्चों को किया मोटिवेट

(समाचार व चित्रमय छलकियां पृष्ठ 4-5 पर)

## मुंबई एयरपोर्ट पर 13 करोड़ रुपए का ड्रग्स जब्त

### पेट में छुपाए थे 87 कैप्सूल, पकड़ा गया आरोपी




**मुंबई।** कस्टम विभाग ने मुंबई में ड्रग्स स्मगलिंग के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर करीब 13 करोड़ रुपए के मूल्य का ड्रग्स जब्त किया गया है। ड्रग्स के इस बड़े जखीरे में बड़ी तादाद में कोकीन बरामद हुई है। इस मामले में एक आरोपी को अरेस्ट किया गया है। इस आरोपी के पास से कोकीन के 87 कैप्सूल जब्त किए गए हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## अवैध आर ओ प्लांट के भू-जल माफियाओं एवं सट्टेबाजों द्वारा जान से मारने की धमकीः रविंद्र आर्य



### तु घर से बहार निकल तुझे गोली से मरवा दूँगाः मोहित जैन

**गाजियाबाद।** सामाजिक कार्यकर्ता और स्वतंत्रत लेखक रविंद्र आर्य ने अवैध आर ओं प्लांट के जल माफियाओ एवं सट्टेबाजों द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने पर एसएसपी को एक पत्र भेजा है। ओर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। एसएसपी को पत्र में रविंद्र आर्य ने कहा है की सामाजिक द्दष्टी से 'जल बचाव' 'नशा मुक्त' और 'गऊतस्करों' पर लेखों से आमजन व जनमानस को जागरूक करता हूँ। (शेष पृष्ठ 3 पर)



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर


## हमारी बात

# विक्रांत का गौरव

यह देश के लिए बड़ी खुशखबरी है कि भारतीय नौसेना को पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत मिल गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में केरल तट पर विशाल पोत आईएनएस विक्रांत भारत की आन-बान-शान में शुमार हो गया। प्रधानमंत्री ने यहां तक कह दिया कि यह पोत समंदर की सभी चुनौतियों को भारत का जवाब है। लंबे समय से इस स्वदेशी पोत का इंतजार था। पोत बनाने की क्षमता अभी केवल चंद विकसित देशों के पास है, अब इन देशों में भारत भी अपनी अनोखी क्षमता के साथ शामिल हो गया है। यह पोत स्वयं ही इतनी ऊर्जा पैदा करने में सक्षम है, जिससे 5,000 से ज्यादा घरों को रोशन किया जा सकता है। इसमें जितने केबल और तार इस्तेमाल हुए हैं, वे कोच्चि से शुरू हों, तो काशी तक पहुंच सकते हैं। इसका डेक एक फुटबॉल मैदान के बराबर बताया जा रहा है। वाकई इसके आने से नौसेना की ताकत में ही नहीं, बल्कि मनोबल में भी वृद्धि होगी। स्वदेशी पोत से स्वदेश की रक्षा के संकल्प को मजबूती मिलेगी। यह जरूरी है कि सेना में ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी साजो-सामान हों, ताकि उनकी देखरेख आसानी से हो सके। स्वदेशी पोतों पर किसी नई सुविधा को जोड़ने व पुरानी को हटाने में भी अनावश्यक समय नहीं लगेगा। यह गौर करने की बात है कि भारत के नौसेना विज्ञान को भी इस अवसर पर खूब याद किया जा रहा है। भारत एक समय नौसेना के मामले में बहुत सक्षम था। मध्यकालीन इतिहास को अगर देखें, तो 1650 के आसपास छत्रपति शिवाजी ने अपनी नौसेना का निर्माण किया था। वह नौसेना की जरूरत को समझ गए थे, लेकिन जब देश पर अंग्रेजों का वर्चस्व बढ़ा, तो उन्होंने भारतीय नौसेना विज्ञान और उद्योग को एक तरह से प्रतिबंधित कर दिया। भारत नौसेना ही नहीं, अस्त्र-शस्त्र निर्माण के क्षेत्र में भी काफी पिछड़ गया और आज के समय में भी सामरिक संसाधनों के मामले में हम आत्मनिर्भरता से बहुत दूर हैं। हमारे पास विमानवाहक पोत और भी हैं, लेकिन उनका निर्माण स्वदेशी तकनीक या स्वदेशी प्रयासों से नहीं हुआ है। गौरव के क्षणों में भी हमें यह एहसास जरूर होना चाहिए कि एक विशाल विमानवाहक पोत बनाने में हमें एक दशक से भी ज्यादा समय लग गया है। शिवाजी सामरिक मोर्चे पर अपने समय और विश्व के साथ कदम मिलाकर चल रहे थे, इसलिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। हमारे सामरिक रणनीतिकारों की सोच में अगर शिवाजी बरकरार हैं, तो यह आश्वस्त करने वाली बात है। यह अतिरिक्त खुशी की बात है कि नौसेना का ध्वज न केवल बदल गया है, बल्कि अब उस पर शिवाजी की छाप दिखने लगी है। हालांकि, यह अफसोस की बात है कि गुलामी के दौर के अंत के इतने वर्ष बाद भी नौसेना के झंडे में अंग्रेजों का एक प्रतीक चिह्न सेंट जॉर्ज क्रॉस शामिल था। आखिर सरकारें गुलामी के इस प्रतीक को क्यों ढोती रहीं? क्या ऐसे ही अनेक शर्मनाक प्रतीक अब भी देश पर लदे हुए हैं? नए भारत में गुलाम भारत की कोई चीज बची न रहे, यह सुनिश्चित करना चाहिए। बेशक, आईएनएस विक्रांत का पदार्पण एक आगाज होना चाहिए। भारत में सामरिक निर्माण विकास में तेजी लाने की जरूरत है। भारत जिस तरह से चुनौतियों से घिरता जा रहा है, उसमें स्वदेशी तैयारी और जरूरी हो गई है। भारतीयों को रक्षा मामले में सच्चा गौरव तब हासिल होगा, जब हम अपने अधिकतम अस्त्र-शस्त्र, सैन्य साजो-सामान, वाहन स्वयं बनाने लगेंगे।

# ऋषि हार कर भी जीतेंगे !

**ऐन** वक्त कोई चमत्कार हो तो बात अलग है वरना सोमवार को श्वेत लिज ट्रस ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनेंगी। कंजरवेटिव पार्टी भारतीय मूल के ऋषि सुनक को नेता नहीं चुनेगी। मुझे इसका खटका लंदन के कंजरवेटिव मिजाज के अखबारों के रूख से लग गया था। जुलाई में मैंने लिख दिया था कि चर्चिल की अनुदारवादी पार्टी में ऋषि सुनक कैसे पीएम बन सकते हैं। बावजूद इसके भारतीय के नाते मेरी चाह व सस्पेंस था और सोमवार को नतीजों की घोषणा तक रहेगा। मेरा मानना है कि लिज ट्रस से कंपीटिशन में ऋषि सुनक की लीडरशीप क्वालिटी अधिक उभरी। वे ब्रिटेन की मौजूदा जरूरतों में हर काबलियत रखते हैं। यदि आम चुनाव होता तो उनके नाम पर ब्रितानी लोग कंजरवेटिव पार्टी को जिताते। लेकिन चुनाव क्योंकि पार्टी के जिला-काउंटी लेवल के नेताओं-कार्यकताओं को करना है तो लिज ट्रस जीत रही हैं। इसलिए क्योंकि वे मूल ब्रितानी और श्वेत हैं। कह सकते हैं अपने को ब्रिटेन कितना ही लिबरल, समझदार, आधुनिक बताए मगर समाज एक अश्वेत भारतीय को प्रधानमंत्री मानने को तैयार नहीं है। मैं इस तरह नहीं सोचूंगा। कैसे सोचें? आखिर वह समाज ऋषि सुनक के करियर ग्राफ को भी बताता हुआ है? भला कैसे किसी देश और समाज में संभव है जो पुरानी पीढ़ी अपने आइडिया को छोड़ दे? वे ब्रिटेन मतलब, एक महाशक्ति पॉवर की चाबी भारतीय मूल के एक हिंदू को सौंपें? याद करें सन् 2004 में सोनिया गांधी के भारत के प्रधानमंत्री बनने की संभावना से हम हिंदू कैसे फड़फड़ा गए थे! यह बात भी नोट रहे कि पार्टी के सांसदों में बतौर नेता ऋषि सुनक भारी बहुमत से जीते हैं। ऐसा होना उनकी काबलियत तथा लीडरशीप की क्वालिटी के कारण था। मगर बूढ़े जमीनी नेताओं का अलग सोचना है। 28 जुलाई से 31 अगस्त तक कोई एक लाख साठ हजार पार्टी कार्यकर्ताओं में दोनों नेताओं ने प्रचार किया। इनकी वोटिंग से पांच सितंबर को



प्रधानमंत्री तय होगा। ये कार्यकर्ता वोटर कौन हैं? मोटे तौर पर बहुसंख्या में बूढ़े, गोरे, अमीर और दक्षिणी ब्रिटेन के कट्टरवादी कंजरवेटिव। मतलब चर्चिल, थैचर परंपरा के अनुदारवादी।

इनमें लिज ट्रस का पलड़ा भारी है। जाहिर है ऐसा वैचारिक आग्रह-दुराग्रह से है। इसका लोकतंत्र में अधिकार है। सोमवार को कंजरवेटिव पार्टी के ये लोग लिज ट्रस को इसलिए चुनेंगे क्योंकि टैक्स कटौती, यूरोपीय यूनियन विरोध और इमिग्रेशन जैसे मुद्दों पर उनका लिज ट्रस पर नेचुरल भरोसा है। कह सकते हैं अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप और फ्रांस की संसद में अनुदारवादियों सहित यूरोपीय यूनियन के लंबे-चौड़े श्वेत समाज में कंजरवेटिव राजनीति का उफान है। चाहें तो इसे दुनिया का खराब वक्त याकि राहु काल कह सकते हैं। ब्रिटेन, यूरोपीय संघ से बाहर होने के फैसले के वक्त से लगातार गलत फैसले करता हुआ है। उस नाते सोमवार का कंजरवेटिव पार्टी का फैसला आत्मघाती होगा। लिज ट्रस और ऋषि सुनक की बहस की बारीकी को समझते हुए मेरा मानना है कि लिज ट्रस के प्रधानमंत्री बनने से ब्रिटेन की आर्थिकी बिगड़ेगी। पड़ोसी फ्रांस, यूरोप से रिश्ते सर्द होंगे। सरकार पॉपुलिस्ट फैसले करेगी। नई प्रधानमंत्री अपने पूर्ववर्ती बॉरिस जानसन की बुरी कार्बन कॉपी होंगी। सोचें, बतौर विदेश मंत्री भी लिज ट्रस ने डिबेट में फ्रांस को ब्रिटेन का मित्र नहीं बताया। दोनों उम्मीदवारों से यह सवाल हुआ था कि राष्ट्रपति मैक्रों व फ्रांस को ले कर आपका क्या मानना है तो लिज ट्रस का जवाब था- मैं मैक्रों की कथनी-करनी देखूंगी। वहीं ऋषि सुनक ने दो टूक शब्दों में कहा- फ्रांस मित्र देश है। सोचें इस फर्क पर। पता है इसका फ्रांस, यूरोप में कैसा रिएक्शन हुआ? राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा- मुझसे ऐसा सवाल पूछा जाता तो मैं वहीं कहता जो ऋषि सुनक ने कहा।

जाहिर है लिज ट्रस ब्रिटेन को राष्ट्रवाद, पॉपुलिस्ट नासमझी और आर्थिकी मामलों की अनुभवहीनता में चलाएंगी। वे रोजमर्रा की हेडिंग में तात्कालिक फैसले लेंगी। ऋषि सुनक का यह स्टैंड सटीक है कि वे नई सरकार में मंत्री नहीं बनेंगे। इस बारे में उन्होंने कहा है कि मेरी लिज ट्रस से नीतियों को लेकर जब अलग राय है तो मुझे उस सरकार में पद नहीं लेना चाहिए। सुनक ने बार-बार कहा है कि मैं पहले इकॉनोमी को पटरी पर लाने के कड़े फैसले करूंगा। मैं वह नहीं बोल सकता जो लोग सुनना चाहते हैं। मैं देश की दशा-दिशा में दीर्घकालीन विजन से काम करूंगा न कि लोकप्रिय होने वाली बातें। तभी मेरा मानना है कि हार कर भी ऋषि सुनक ब्रिटेन के जनमानस में छाप छोड़ते हुए हैं। मेरी इस भविष्यवाणी को नोट रखें कि लिज ट्रस बतौर प्रधानमंत्री फ्लॉप होंगी और नामुमकिन नहीं जो आम चुनाव आते-आते ऋषि सुनक ब्रिटेन की अनिवार्यता बन जाएं। उन्हें तब कंजरवेटिव पार्टी नेता बनाए।

# गोबार्चेव देवर्षि और पुतिन थू, थू !

सत्य वापिस जाहिर हुआ। दुनिया और इतिहास को वे ही याद रहते हैं जो बतौर राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री मानवीय सरोकारों का लिबरल राज बनाते हैं। यह बात वैश्विक पैमाने पर 91 वर्षीय गोबार्चेव की मृत्यु से फिर साबित हुई। उन्हें पूरी दुनिया में श्रद्धांजलि मिली। उस दिन तमाम वैश्विक अखबारों और खुद रूस में भी गोबार्चेव पर लिखा गया। जबकि राष्ट्रपति पुतिन ने उन्हें उन रूसियों में खलनायक बनाया हुआ था जो सोवियत संघ के बिखरने के लिए उन्हें कोसते हैं। मगर पुतिन ने भी श्रद्धांजलि दी। रूसियों ने उन्हें कतई वैसे नहीं भुलाया जैसे कथित लौह पुरूष स्टालिन, ख्रुश्चेव, ब्रेजनेव को कूड़ेदानी में फेंका हुआ है। विश्व राजधानियों, दुनिया के एलिट, मीडिया में तो खैर गोबार्चेव मानव देवता, मानव गरिमा-आजादी के इतिहास पुरूष के नाते याद किए गए। सोचें, क्या ऐसे पुतिन को दुनिया या रूसी याद करेंगे? आधुनिक काल के सौ-दो सौ सालों का यह इतिहास सच है कि हिटलर, स्टालिन, माओ, ईदी अमीन, याह्या खान, कज्जाफी, सद्दाम से लेकर लातीनी अमेरिका, अफ्रीका, एशिया और इस्लामी देशों के वे तमाम तानाशाह अपनी कब्र में इस स्यापे के साथ तड़प रहे होंगे कि एक व्यक्ति भी उन्हें रोने वाला नहीं। याद करें सोवियत संघ के दिनों में पूरी दुनिया में स्टालिन जैसा तानाशाह अपने महान होने, छप्पन इंची छाती के देवता होने का कैसा वैश्विक प्रोपेगेंडा बनाए हुए था। जैसे आज भारत में घर-घर सोशल मीडिया से नरेंद्र मोदी महान बने हुए हैं वैसे तब भारत के घरों में सोवियत पत्रिकाएं पहुंचती थीं। प्रोपेगेंडा वॉर में सोवियत सिस्टम हिटलर के प्रोपेगेंडा का बाप था। ऐसी ही कज्जाफी भी अपने वक्त में अपनी ग्रीन पुस्तकें बंटवाता था। ये सभी तानाशाह बेमौत मरे। इतिहास और देश के कलंक हुए। वैसी ही दशा रूस के मौजूदा राष्ट्रपति पुतिन की होनी है। अपनी सनक, अपने अकड़ूपन और कट्टरता से पुतिन ने गोबार्चेव की याद में लोगों को अहसास कराया है कि उन्होंने रूस की नई लोकतांत्रिक शुरूआत को कैसा खा डाला है। रूस का वर्तमान और भविष्य बना कैसा दिया है!

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# खूनी बाईपास पहाड़ की चोटी से बड़ा पत्थर गिरने से एक महिला की मौत, दो घायल

संवाददाता/समद खान

**मुंब्रा।** खूनी बाईपास पहाड़ की चोटी से बड़ा पत्थर गिरने से एक महिला की मौत और दो लोगों के घायल होने की मामला प्रकाश में आया है इस मामले में स्थानीय रहवासी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 2 सितंबर शुक्रवार शाम 5 बजे खूनी बाईपास पर बारिश के कारण पहाड़ की चोटी से दो बड़ा पत्थर बाईपास से सटा हुआ गांव देवी परिसर के दो मकानों पर आकर गिरा जिसमें 37 वर्षीय महिला कविता सुनीता वनपसारे रहवासी गांव देवी बाईपास के घर पर आकर गिरा वही दूसरा पत्थर शांति बाई नामी महिला के मकान पर गिरा जिससे दोनों मकान क्षतिग्रस्त हो गए इस दुर्घटना में एक महिला का हाथ फ्रैक्चर हो गया और बच्चा घायल हो गया और दूसरे मकान में सोई हुई महिला पत्थर की चपेट में आकर दब गई है पत्थर इतना बड़ा और विशाल था कि 60 लोगों की बड़ी मेहनत से 20 मिनट के बाद पत्थर हटाकर महिला को



बाहर निकाला गया और मामले की गंभीरता को देखते हुए एंबुलेंस का इंतजार नहीं करते हुए स्थानीय रहवासियों द्वारा दो पहिया वाहन में नजदीकी बुरहानी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने महिला को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया सूचना मिलते ही दुर्घटना स्थल पर अग्निशमन दल मुंब्रा ट्राफिक विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दिलीप पाटिल मुंब्रा प्रभाग समिति के कार्यकारी अभियंता धनंजय गोसावी मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कडलग और ठाणे मनपा प्रशासन की आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचकर मलबा हटाने का काम शुरू किया गया बताया जा रहा है पहाड़ी की चोटी पर और बड़े पत्थर है जो कभी भी गिर सकते हैं उसको देखते हुए मनपा प्रशासन द्वारा आसपास के कई मकान को खाली करा दिया गए है और साथ ही कलवा मुंब्रा के विधायक जितेंद्र अवार्ड भी घटना स्थल पर पहुंच गए इस दुर्घटना की जानकारी पीडब्ल्यूडी विभाग को दी गई और बताया पहाड़ी की चोटी पर ऐसे बड़े और चार पांच पत्थर है जो कभी भी गिर सकते हैं और एक बड़ी दुर्घटना भविष्य में हो सकती है जिसको रोकने के लिए शासन की तरफ से जाली लगाई जाएगी जिससे कि पत्थर आबादी वाले इलाके में नहीं गिरेंगे उन्होंने मृतक महिला और इस दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों को दस लाख मुआवजा दिलाने की बात कही है और कहां है मैं भी मंत्री से बात करके जल्द से जल्द पहाड़ों पर जाली लगाने की बात करूंगा मनपा प्रशासन द्वारा कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग को इस दुर्घटना के संकेत दिए गए थे परंतु पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा की गई लापरवाही से यह दुर्घटना सामने आई है वक्त रहते पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पहले से ही पहाड़ों पर जाली की व्यवस्था की गई होती तो शायद यह दुखद घटना आज सामने नहीं आई होती जिसमें एक महिला की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए अब देखना यह है कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जाली पहाड़ों पर कब लगाई जाती है या दूसरी घटना होने के बाद सबक मिलने के बाद जाली को पहाड़ों पे लगाया जाएगा यह देखने वाली बात होगी।

# शिल गांव परिसर के दत्त मंदिर के पीछे कुएं से मिली महिला की लाश

संवाददाता/समद खान

**मुंब्रा।** शिलगांव परिसर के दत्त मंदिर के पीछे कुएं से महिला की लाश मिलने का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार चांदबी अनवर पठान वर्ष 38 रहवासी एम अपार्टमेंट पहला माला रूम नंबर 104 दत्त मंदिर के करीब शिल गांव मुंब्रा ठाणे की लाश डायगर पुलिस द्वारा गत 1 सितंबर गुरुवार को बरामद की गई थी आपको बताते चलें चांदबी अनवर पठान के बेटे से मिली जानकारी के अनुसार 7 महीना पहले जब हम लोग पूरे परिवार समेत सांगली मेरी बहन की शादी की बात पक्की करने के लिए जा रहे थे तभी हम लोग खपोली पहुंचे थे हमारी गाड़ी मैं कुछ खराबी होने की वजह से गाड़ी ठीक तरह से चल नहीं रही थी तभी हम लोगों ने सोचा कि वापस घर चलते हैं तभी मेरे पिताजी अनवर अजीज पठान उतर कर यू टर्न कहां से मारा जाए यह देखने के लिए गाड़ी से उतर कर गए तभी पीछे तेज रफ्तार गाड़ी ने मेरे



पिताजी को हाईवे पर उड़ा दिया और उसके बाद मेरे पिताजी ने मेरी मां की गोद में तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया यह घटना से मेरी मां के दिमाग पर असर पड़ गया जिसके कारण वह कभी कबार घर से बिना बताए चली जाया करती थी और अक्सर मेरी मां घर से निकलकर तलोजा हमारे रिश्तेदार के यहां चली जाती थी गत 31 अगस्त बुधवार को हम लोगों को बिना बताए घर से चले गए हम लोगों ने सोचा कि शायद तलोजा चले गए होंगे दूसरे दिन तक जब वह वापस नहीं आए तब हम लोगों ने पता किया कि मेरी मां तलोजा गई है या नहीं पता करने पर यह मालूम पड़ा कि वह तलोजा नहीं आई है फिर हम लोगों ने डायगर पुलिस स्टेशन में जाकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाने की सूची जैसे हम लोग डायगर पुलिस स्टेशन पहुंचे मेरी मां की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने के लिए डायगर पुलिस स्टेशन पहुंचे तभी पुलिस वालों ने हमसे कहा कि एक लाश दत्त मंदिर के पीछे कुएं से बरामद की गई है हम लोगों से शिनाख्त करवाई तो हम लोगों ने कपड़ों से और चेहरे से मां को पहचान लिया इस मामले में डायगर पुलिस स्टेशन द्वारा मृः रजिः नंः 51/2022 सीआरपीसी की धारा 174 के तहेत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की छानबीन सहायक पुलिस निरीक्षक मलिक द्वारा करी जा रही है।

## एसी लोकल ट्रेन में यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि, ठाणे अव्वल रहा: मध्य रेलवे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले छह महीनों में वातानुकूलित (एसी) उपनगरीय ट्रेन में यात्रियों की संख्या सात गुना बढ़ी है। ठाणे, डोंबिवली और कल्याण स्टेशन से सबसे अधिक लोगों ने यात्रा की है। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मध्य रेलवे की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि सवारियों की संख्या इस साल फरवरी में 5,939 प्रतिदिन से बढ़कर अगस्त में 41,333 प्रतिदिन हो गई है।



विज्ञप्ति में कहा गया, फरवरी और अगस्त के बीच, ठाणे स्टेशन से एसी लोकल में सबसे अधिक 10,50,511 यात्रियों ने यात्रा की। इसके बाद डोंबिवली से 9,39,431 ने, जबकि कल्याण से 9,01,859 लोगों ने यात्रा की। गौरतलब है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने दावा किया था कि यात्रियों के लाभ के लिए एसी ट्रेन को स्थायी रूप से बंद करके इन्हें सामान्य ट्रेन में तब्दील कर दिया जाना चाहिए।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री का निधन

मर्सिडीज गाड़ी डिवाइडर से टकराई। मुंबई अहमदाबाद हाइवे के रास्ते में सूर्या नदी पर बने पुल पर यह भीषण दुर्घटना हुई। दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना के वक्त साइरस मिस्त्री अहमदाबाद से मुंबई की तरफ आ रहे थे। चार लोग कार में सवार थे। तेज रफ्तार से आती हुई उनकी मर्सिडीज कार अचानक रोड के डिवाइडर से टकरा गई। कार में सवार साइरस मिस्त्री और उनके साथ सफर कर रहे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 13 करोड़ रुपए का ड्रग्स जब्त

मुंबई कस्टम विभाग ने जिस आरोपी से यह ड्रग्स बरामद किया उसने कोकीन के 87 कैप्सूल अपने पेट में छुपा कर रखे थे। पेट के अंदर 13 करोड़ रुपए के करीब के कोकीन के 87 कैप्सूल को छुपा कर मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आए शख्स को मुंबई कस्टम विभाग की टीम ने पकड़ा। आरोपी को अरेस्ट कर उससे पूछताछ शुरू है। यह आरोपी घाना का रहने वाला है। इसके पास से 1300 ग्राम कोकीन बरामद की गई है। आरोपी को 28 अगस्त को ही पकड़ा गया था। उससे पूछताछ की गई और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अस्पताल में तीन दिनों के भीतर उसके पेट से 13 करोड़ के मूल्य की कोकीन के 87 कैप्सूल निकाले गए। जब्त किए हुए ड्रग्स का वजन 1300 ग्राम है। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट में मुंबई कस्टम विभाग की यह बहुत बड़ी कार्रवाई है। पश्चिम अफ्रीका के घाना के रहने वाले इस अरेस्ट किए गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। ऐन गणेश उत्सव के दौरान इतनी बड़ी तादाद में ड्रग्स मिलने से हड़कंप मच गया है।

### अबैध आर ओ प्लांट के भू-जल माफियाओं एवं सट्टेबाजों द्वारा जान से मारने की धमकीः रविंद्र आर्य

बता दे की रविंद्र आर्य को जान से मारने की धमकी की घटना यह जब हुआ, जब रविंद्र द्वारा 29 अगस्त को जिला गाजियाबाद में भू-जलदोहन कर रहे अबैध आर ओं प्लांटो और कार वाशिंग सेंटरों की लिस्ट 'जल बचाब' के लिए प्राइवेट बॉडी बनकर स्वंम से तैयार कर सूची शासन और प्रशासन को भेजी। इस प्रकरण में पाया गया की जल माफियाओ, नशाखोरो, एवं सट्टेबाजों से सम्बंधित गैंग के द्वारा भड़काने से मोहित जैन ने रविंद्र आर्य से गली-गलोच एवं गोली से जान से मारने की धमकी दिया। 29, अगस्त, भू-जल्दोहन सूची की बोखलाहट से अगले दिन 30, अगस्त को जलमाफियों ने सट्टेबाज मोहित जैन को धमकाने ओर जान से मारने में बखूबी प्रयोग किया। मोहित जैन निवासी, 250, जटवाड़ा चौ. महावीर के मकान पर किरायेदार के रूप में रहता है। जो की सट्टेबाज गैंग का एक मेंबर है। जिसको सट्टेबाजों की भाषा में बुकी भी बोला जाता है। रविंद्र आर्य ने दिनांक 2 सितंबर 2022 को जिला प्रशासन को दिए गए शिकायत पत्र में लिखा की सट्टेबाज मोहित जैन और जलमाफिया नीरज जैन के सम्बन्ध सट्टेबाजो ओर नशाखोरों से भी है। सट्टेबाजो का सेंटर बाला जी पानी 263, बालू पूरा से मोबाइल- 98105 78442 द्वारा ऑपरेट हो रहा था। सट्टेबाज ओर जलमाफिया आपस में षड्यंत्र रच रहे थे। कैसे भी रविंद्र आर्य को रोका जाए? तभी सूत्रों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई की मोहित जैन ने सट्टे बाजारी के अबैध तरीके से 45000/- रुपए उधार के रूप में नीरज गर्ग को दिया हुआ है। इसी कारण मोहित जैन ने नीरज गर्ग की बातो मे आ गया, ओर ताव में आकर जान से मारने की धमकी दे डाली। जो की वह जान से मारने की धमकी मोबइल के वोईस रिकॉर्डिंग मे आ गई। जिसमे की 30 अगस्त को मोबाइल- 9667429866 समय शाम 6.43 बजे 8 मिनिट 57 सेकंड बात करते हुए यह धमकी दिया, जिसमे वह साफ-साफ नाम बोलता नजर आ रहा है। भोला सट्टेबाज को बंद कराना है। इस बारे मे बोलता नजर आ रहा है। ओर खुलेआम अर्जुन आर ओं प्लांट , कालू , एवं नीरज गर्ग उर्फ लाला जालमफियों एवं सट्टेबाजो का नाम ले रहा है, ओर रिकॉर्डिंग मे यह भी बोलते नजर आ रहा है की तूने गाजे वालो के खिलाफ भी वीडियो कल्लू पूरा मोहल्ला में बनाया है। में भी वही रहता हूँ। जिसमे अर्जुन अबैध आर ओं प्लांट हरदेव सहाय मोहल्ला एवं कालू पाछादान मोहल्ले कार वाशिंग सेंटर से भू-जलदोहन कर रहा है। रविंद्र द्वारा दोनों की शिकायत प्रशासन से किया इससे नाराज होकर है। कालू का रिस्तेदार मुंशी शालू तुझे मारने के लिए ढूंढ रहा है। यह वह सब रिकॉर्डडिंग साफ-साफ बोलता नजर आ रहा है। ओर मोहित जैन की रविंद्र आर्य के घर के बहार खड़ा होकर गली देते हुए, रिकॉर्डिंग में यह बोलता भी नजर आ रहा है की 'तु घर से बहार निकल तुझे गोली से मरवा दूँगा'। जिस कारण नशाखोरों, जलमाफियों ओर सट्टेबाजो से जान का खतरा बताते हुए, आर्य ने प्रशासन से सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए पत्र में अबैध धंधो के बारे मे लिखा कानूनी कारवाही करें। जिससे मुझे सामाजिक कार्य करने हेतु शक्ति मिले ओर मै अबैध धंधो बालो के खिलाफ लड़ सकू।

## इंडो बॉडीबिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन आईबीएफए की ओर से 11 सितंबर 22 और जिला बेंच चैंपियनशिप का आयोजन

**बरेली,** एसोसिएशन के अध्यक्ष नदीम खान ने बताया की जिला बेंच चैंपियनशिप नाइस फिटनेस वर्ल्ड मिनी बायपास बसंत बिहार बरेली पर आयोजित होगी चैंपियनशिप मे मुख्य अतिथि श्री डॉ अरुण कुमार जी वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे



श्री नदीम खान ने बताया बरेली मंडल के लिए बहुत ही गर्व और खुशी की बात है कि हमारे बरेली मंडल के चेयरमैन प्रवीण भारद्वाज जी को आईबीएफए की राष्ट्रीय कोर कमेटी टीम ने सर्वसम्मति से श्री प्रवीण भारद्वाज जी को नॉर्थ इंडिया का चेयरमैन नियुक्त किया है आईबीएफए बरेली मंडल की पूरी टीम ने श्री प्रवीण भारद्वाज जी को पगड़ी ब माला पहना के स्मृति चिन्ह दे के सम्मानित किया व बधाई बधाई दी सम्मान समारोह में श्री सुनील भाटिया, गिरजेश मिश्रा, निसार पहलवान, हाफिज खान, नवाजिश खान, रोहन भारद्वाज, आलम सिद्दीकी,बाबू भाई, शाहरुख, राघवेंद्र यादव, विपिन प्रजापति, अनमोल सक्सेना, नाजिम खान, रोहित तिवारी अनुराग शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## आदर्श माता कांताबाई बाबुराव मोहिते प्रतिष्ठान संस्था की तरफ से कडेगाव आसद समाज सेवक व पत्रकार संपत जाधव को सम्मानित किया गया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** आसद ग्राम में वरिष्ठ समाज सेवक एंव सोनहिरा सहकारी कारखाने के भूतपूर्व उप चेयरमैंन प्रभाकर चंद्रकांत जाधव एवं आसद सर्व सोसाइटी के भूतपूर्व चेयरमैन समाज सेवक संजय पंडरीनाथ जाधव के ग्राम के विकास में अमुल्य योगदान एवं सामान्य लोगों की समस्या को समझ के योग सलाह दे। ग्राम एवं ग्रामवासीयो के हित में काम करने के लिए आदर्श माता कांताबाई बाबुराव मोहिते संस्था के संस्थापक अध्यक्ष विश्वास मोहिते एवं कमेटी की और से समाज सेवकों को सम्मानित करने का कार्य करती है। आज आसद ग्राम में वरिष्ठ समाज सेवक प्रभाकर चंद्रकांत जाधव, संजय पंडरीनाथ जाधव एंव विक्रम



जाधव (माऊली कृषि सेवा केन्द्र आसद) की मालिक जो कि किसानों को फसल के लिए हमेशा योग्य सलाह देते हैं। किसान भाई के लिए अपना कर्तव्य का पालन करते हैं एवं मोहिते वडगाव के भूतपूर्व उप सरपंच एवं खबरें आजतक लाईव न्यूज के पत्रकार संतोष शिवाजी कुंभार, संपत आनंदराव जाधव को उन के समाजिक कार्य के लिए सम्मानित किया गया एवं तिरंगा रक्षक साप्ताहिक वर्तमान पत्र की ओर से गणेश जी आरती संग्रह पुस्तक का लोकार्पण किया गया। उस वक्त संपतराव देशमुख दुध संघ के चेयरमैन ताना विष्णु जाधव, क्रांती सहकारी कारखाना के संचालक आप्पासो यशवंत जाधव, पत्रकार अतुल यशवंत जाधव एंव ग्राम वासी उपस्थित थे।

## डॉ रीना मेहता और नक्काश अजीज के म्यूजिक वीडियो 'नैना जादूगर' में दीपक ठाकुर, पायल गुप्ता की जादुई केमिस्ट्री

**मधुर** आवाज की मल्लिका रीना मेहता हाल ही में लॉन्च किए गए म्यूजिक वीडियो नैना जादूगर के जरिये लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। यह खूबसूरत रोमांटिक गीत रीना मेहता और नक्काश अजीज ने गाया है। नैना जादूगर वीडियो 1 सितंबर को आर्टिस्ट अलाउड के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है और सभी प्रमुख एमपी3 प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम कर रहा है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली रीना मेहता अपनी मधुर आवाज के साथ वापस लौटी हैं, जो नक्काश अजीज की अलग सी आवाज के साथ जुगलबंदी कर रही है। यह गीत आज के युवाओं की भावनाओं को दर्शाता है और पहली




नजर में उनके 'प्यार में पड़ने' के सुनहरे दौर को गीत 'नैना जादूगर' में दिखाया गया है। दीपक ठाकुर हंसते हुए कहते हैं, हां सचमुच, मेरा किरदार प्यार में पड़ जाता है। जब उसे पता चलता है कि उसकी शादी के लिए तय की गई लड़की (पायल गुप्ता) है, तो वह हैरान रह जाता है। डॉ रीना मेहता ने कहा कि नैना जादूगर पहली नजर में प्यार में पड़ने की खुशी और उत्साह का खुलासा करने वाला गीत है, यह इश्क के एक सबसे अद्भुत एहसास और अनुभव को बयान करता है। डॉ रीना मेहता का पिछला म्युजिक वीडियो 'मेरी आशिकी' कई महीनों तक चार्टबस्टर बना रहा है। एक्ट्रेस पायल गुप्ता भी डॉ रीना मेहता की आवाज से मंत्रमुग्ध हैं, वह कहती हैं रीना जी की मधुर आवाज मेरे किरदार में उत्साह, रंग, शरारत और रोमांस जोड़ती है। काश मेरी असली आवाज भी डॉ रीना मेहता की तरह मधुर होती। उल्लेखनीय है कि नैना जादूगर गाने में डॉ रीना मेहता और नक्काश अजीज की आवाजें हैं, उमेश मिश्रा ने संगीत दिया है और गीत भी लिखा है। प्रांशु श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित वीडियो में दीपक ठाकुर और पायल गुप्ता की जबर्दस्त जोड़ी नजर आ रही है। गौतम चक्रवर्ती द्वारा मिक्स मास्टर किया गया है, जयदीप होरा द्वारा प्रोग्रामिंग की गई है, निखिल-शांतनु द्वारा अरेंजमेंट किया गया है, कोरस निखिल शांतनु और रोनी पीएस का है।

## कवि सुरेश मिश्र की दो कविताएं महाराष्ट्र शिक्षा बोर्ड में शामिल

**मुंबई।** देश के जाने माने हास्य कवि सुरेश मिश्र की दो कविताओं को महाराष्ट्र शिक्षा बोर्ड पुणे द्वारा अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। एक कविता 'नदी की पुकार' महाराष्ट्र में कक्षा नौवीं की लोकवाणी में पढ़ाया जा रहा है और दूसरी कविता कक्षा छठवीं में बांग्ला बालभारती में पढ़ाया जा रहा है। सुरेश मिश्र हास्य कवि होते हुए भी एक संवेदनशील कवि भी हैं। अब तक उनकी चार पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।अभी हाल ही में उनकी चौथी पुस्तक 'प्रदूषण है खरदूषण' प्रकाशित हुई है जिसमें सभी कविताएं केवल



पर्यावरण पर ही हैं। वह सब टीवी, डीडी नेशनल चैनल, मेट्रो मुंबई, एस एन चैनल, दंगल चैनल,लाइव इंडिया, न्यूज इंडिया, सह्याद्रि चैनल,केअर वर्ल्ड, जयपुर दूरदर्शन जैसे दर्जनों टीवी चैनलों पर अपने काव्य पाठ से लोगों को हंसा चुके हैं। विविध भारती और आल इंडिया रेडियो पर पचासों बार कविता पाठ किए हैं। उन्हें महापौर आदर्श शिक्षक पुरस्कार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुरस्कार, पं. वंशनारायण मिश्र आदर्श शिक्षक सम्मान,शिक्षक रत्न पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार, महाकवि तुलसीदास सम्मान, सरस्वती शिखर सम्मान, हास्य रत्न पुरस्कार, विशिष्ट पत्रकारिता सम्मान, समाज रत्न सम्मान,कवि भूषण सम्मान जैसे दो दर्जन से अधिक पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। एमपीएस कस्तूरबा क्रास रोड हिंदी शाला बोरीवली के मुख्याध्यापक सुरेश मिश्र की दो कविताएं पाठ्यक्रम में शामिल होने पर उद्योगपति कन्हैया लाल सराफ, डॉक्टर एन.एन.पांडेय, डाक्टर राधेश्याम तिवारी, डाक्टर हृदय नारायण मिश्र, समाजसेवी डाक्टर किशोर सिंह, पं.दयाशंकर त्रिपाठी, समाजसेवी चित्रसेन सिंह, उपशिक्षणाधिकारी श्रीमती संगीता तेरे, अधीक्षक अशोक मिश्र, मो.निसार खान, प्रशासनाधिकारी श्रीमती शोभा वडियार, श्रीमती दीपिका पाटिल, विभाग निरीक्षिका श्रीमती सुनंदा मिरजकर, श्रीमती कल्पना उंबरे, पत्रकार शिवपूजन पांडेय सहित कई संस्थाओं,समाज सेवियों, पत्रकारों और साहित्यकारों ने बधाइयां और शुभकामनाएं दी हैं।

## निर्माता एक्टर हरिओम घाडगे, निर्देशक आशिष नेवाळकर की मराठी फिल्म 'हरिओम' का टीजर हुआ लांच

**सिद्धिविनायक** मंदिर में निर्माता निर्देशक और टीम ने बप्पा का आशीर्वाद लिया श्री हरि स्टूडियोज के बैनर तले बनी जबर्दस्त एक्शन मराठी फिल्म 'हरिओम' का आज टीजर और ट्रेलर लॉन्च किया गया। मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में निर्माता निर्देशक और टीम ने बप्पा का आशीर्वाद लिया, उसके बाद फिल्म का ट्रेलर लॉन्च करके इस फिल्म के बारे में मीडिया को बताया। इस अवसर पर निमार्ता और अभिनेता हरिओम घाडगे, निर्देशक आशिष नेवाळकर, एक्टर गौरव कदम मौजूद रहे। दो भाइयों की स्टोरी पर बेस्ड फिल्म में हरिओम घाडगे ने बड़े भाई हरि का रोल किया है जबकि ओम के रोल को गौरव कदम ने निभाया है। फिल्म हरिओम के कुशल निर्देशक आशिष नेवाळकर ने यहां बताया कि हमारी मराठी फिल्म हरिओम का आज टीजर रिलीज किया गया, फिल्म जल्द ही रिलीज होगी।



हमने सिद्धिविनायक मंदिर में बप्पा के दर्शन किए। उनकी कृपा से ही इतनी अच्छी फिल्म बनी है। यह फिल्म ऐसे हालात में बनी है जब सारी फिल्म इंडस्ट्री बुरी तरह प्रभावित हुई थी। किसी के पास काम नहीं था, ऐसे समय मे निर्माता हरिओम जी आगे आए और उन्होंने इतनी बढ़िया फिल्म बनाने का प्रयास किया और उसमें वह कामयाब हो गए। निर्देशक आशीष नेवालकर ने बताया कि हरिओम फिल्म के जरिये मराठी सिनेमा को 2 नए चेहरे मिलने जा रहे है हरिओम और गौरव कदम। हरिओम जी ने इतनी बड़ी एक्शन फिल्म मराठी में बनाने की हिम्मत दिखाई है। उनको इसकी कहानी पे विश्वास था। बहुत अच्छी फिल्म एक अच्छी नियत के साथ बनाई गई है। फिल्म मराठी मनुष्य की अस्मिता को दर्शाती है, एक मराठी आदमी क्या कर सकता है, यह इस फिल्म में दिखाया गया है। इसमे दो भाइयों के प्रेम को दिखाया गया है जो आज के समाज मे कम देखने को मिलता है। यह फिल्म लोगों को प्रेरणा देने के उद्देश्य से बनाई गई है। फिल्म के प्रोड्यूसर और मुख्य अभिनेता हरिओम घाडगे ने कहा कि हमारी फिल्म हरिओम पूरी हो चुकी है। आज सिद्धिविनायक मंदिर में जाकर हमने आशीर्वाद लिया। मैंने बड़े भाई हरि का रोल किया है। फिल्म दो भाइयों की स्टोरी है। दर्शक यह फिल्म परिवार के साथ सिनेमाघरों में देख सकते हैं। फिल्म का संगीत काफी बेहतरीन है।

## नासिर सोलंकी सह परिवार सफर ए उमराह पर रवाना

**अमरावती।** अमरावती ज़िले से आजमीन सफर ए उमराह पर रवाना हुए इनमे नासिर सोलंकी, जाहिद भाई प्रिंस फर्नीचर, सैय्यद युनुस arco रोडलाइन, सफर ए उमराह पर रवाना हुए, इस मौके पर आजमीन ने कहा की वो देश में अमन और शांति उन्नति के लिए दुआ करेंगे, इस मौके पर उमराह के जानेवाले आजमीन को विदाई देने के लिए अमरावती



रेलवे स्टेशन पर चाहने वालों की भीड़ देखने को मिली। उमराह पर जाने वालों को प्रीतिताई बंड दी शुभेच्छा, इस समय पूर्व विधायक की पत्नी और शिवसेना नेता प्रीति बंड भी रेलवे स्टेशन पर मौजूद थी उन्होंने सफर ए उमराह पर जाने वाले नासिर सालंकी को शुभेच्छा दी और सुखद मंगलमय यात्रा की कामना की। पूर्व पार्षद मो इमरान अशरफी, कामरान अंसारी, डा असलम भारती, शेख इसरार आलम, आसिफ उर्फ बबलू चाचा, सलमान खान एटीएस, आबिद हुसैन संचालक होटल अल कारिम, कमर काजी, अब्दुल गफ्फार, परवेज घोरी, मुजाहिद भाई प्रिंस फर्नीचर, अरशद खान फेमस कलेक्शन, रिजवान खान, फिरोज टेलर, आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

# गणपति बप्पा के दर्शन करने पहुंचे पत्रकार व समाजसेवी दिलशाद एस. खान

### दिलशाद एस. खान ने उषा प्रवीण गांधी कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एंड कॉमर्स जूहु के बच्चों को किया मोटिवेट















**मुंबई।** वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी व दै. मुंबई हलचल समाचार पत्र के संपादक दिलशाद एस. खान उषा प्रवीण गांधी कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एंड कॉमर्स जूहु के रोटारैक्ट क्लब द्वारा स्थापित ई-गणेश प्रतिमा के दर्शन करने पहुंचे। आपको बता दें कि दिलशाद एस. खान भाईचारे की एक मिसाल हैं, उन्होंने कहा मैं हर साल अपने दोस्तों के घरों पर विराजमान गणेश जी की प्रतिमा का दर्शन करने जरूर जाता हूं, साथ इस दौरान दिलशाद एस.खान के साथ शाहबाज खान भी गणपति बप्पा का दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान दिलशाद एस. खान ने वहां पर मौजूद कॉलेज के बच्चों को मोटिवेट भी किया, उन्होंने कहा कि आप सभी देश के आने वाले भविष्य हैं आप सब नशे से दूर रहें, आपको आपके परिवार वाले इतने अच्छे कॉलेज में पढ़ाते हैं, तो आप सभी को सिर्फ अपने कैरियर पर ध्यान देना चाहिए। साथ दिलशाद एस. खान ने कहा कि जिस जगह आज मैं चीफ गेस्ट बन कर आया हूं कल मेरी जगह पर आप भी आ सकते हैं, इसलिए मैं आप सभी बच्चों से इतना ही कहूंगा कि नशे से दूर हैं और अपने भविष्य की बारे में सोंचे। बता दें कि इको-फ्रेंडली गणेश श्री विले पार्ले कलावानी मंडल उषा प्रवीण गांधी कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एंड कॉमर्स के रोटारैक्ट क्लब का प्रमुख कार्यक्रम है। महाविद्यालय में आयोजित इस महोत्सव का यह आठवां वर्ष है। प्रत्येक भारतीय त्योहारों के मौसम की प्रतीक्षा करता है, इसी तरह आरसीयूपीजी का प्रत्येक रोटारैक्टर आरसीयूपीजी के प्रमुख कार्यक्रम ई-गणेश की प्रतीक्षा करता है। ई-गणेश पिछले 7 वर्षों से मनाया जा रहा है, लेकिन 2022 में इसमें एक विशेष और आकर्षक चिंगारी है क्योंकि कोविड के बाद, लोग वास्तव में आ सकते हैं और पूरे मन से इसका आनंद ले सकते हैं। पूर्व रचनात्मक कार्य आयोजन से लगभग एक महीने पहले समर्पण के साथ सुचारू रूप से चलता है। इस वर्ष ई-गणेश का पहला दिन 31 अगस्त 2022 से शुरू हुआ। ई-गणेश का सबसे अच्छा हिस्सा संकाय और अन्य अधिकारियों की समावेशी और सामूहिक भागीदारी है। ई-गणेश सबसे अधिक होने वाली घटनाओं में से एक है क्योंकि यह यूपीजी कॉलेज की लगभग 15+ समितियों को एक मंच प्रदान करता है ताकि वे विभिन्न प्रकार के आयोजनों में सहयोग और संचालन कर सकें, जिसमें शानदार प्रदर्शन, शानदार खेल, समूह नृत्य और अन्य आकर्षक गतिविधियाँ शामिल हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पर्व अनेकता में एकता जैसे मूल्यों को जगाता है। आरसीयूपीजी की इस तरह की पहल साबित करती है कि यह कॉलेज के छात्रों और संकायों के सामाजिक बंधन को देखती है। 11 दिनों तक चलने वाले इतने लंबे समय तक चलने वाले आयोजन के प्रमुख होने के नाते, आरसीयूपीजी ई-गणेश को बहुत व्यापक और बड़े पैमाने पर रखता है। हमारे कॉलेज के अधिकारियों के समर्थन और हमारी प्रिंसिपल डॉ अंजू कपूर के मार्गदर्शन और प्रेरणा के बिना यह आयोजन इतना सफल नहीं हो सकता था।

## एल/विभाग मनपा प्रभाग क्र.167 अधीनस्थ सीटीएस क्र. 555 कौशल्या निवास कुर्ला (4) डिसौजा वाइन्स के समीप न्यू मिल रोड कुर्ला (प.) के एल/विभाग इमारती व कारखाने खाते के अधिकारियों के भ्रष्ट रवैये के चलते अवैध नवनिर्माण जोरो पर चालू

# ठेकेदार सत्तार धड़ल्ले से कर रहा है अवैध निर्माण













MMC ACT 354A

MUNICIPAL CORPORATION OF GREATER MUMBAI
STOP WORK NOTICE UNDER SECTION 354 (A) OF
MUMBAI MUNICIPAL CORPORATION ACT, 1888

Notice No.:L/DO1L/167/354A-MMC ACT/L687N01/01-09-2022 Date: 01/09/2022

Ref No.: 150863

To,
Owner/Occupier,
Kaushalya niwas,
Opp D souza wine shop,
New mill road,
Mumbai-70.

Whereas the undersigned has been appointed as the Designated Officer under section 351(1) of Mumbai Municipal Corporation Act, 1888 (hereinafter for the brevity sake referred as the said Act) to exercise the powers under section 351, 352, 352A and 354A of the said Act.

And whereas I am satisfied that you have unlawfully commenced / are unlawfully carrying on erection of building / execution of work as described in the schedule appended below in contravention of section 337/342 and section 347 of the said Act situated at Kaushalya niwas, Opp D souza wine shop, New mill road, Mumbai-70.

**Schedule (Description of work):**

Unauthorised vertical extension to the structure admg.(10.5 x 4.5 x 6.08ht)mtr., approx., by using B.M. walls, M.S. Angles/Channels, Ladi coba slab

Therefore, I, in exercise of powers and functions conferred upon me under section 354A of the said Act, hereby direct you to stop the erection of the said building / execution of the said work forthwith and submit permission approved by the competent authority in favour of the erection of the said building or execution of the said work within 24 hours in my office.

It should be noted that, if the erection of the building or execution of the work is not stopped forthwith or permission approved by the competent authority in favour of the erection of the said building or execution of the said work is not produced within 24 hours from the service of this notice, the said building/work will be removed or pulled down and all the materials, machinery, equipment, devices or articles used in the process of erection of the said building or execution of the said work will be removed from the site, at your risk and cost, without further notice.

It should also be noted that the police officers are being directed to remove all persons directing or carrying out the said erection of building or execution of work from the place where the building is being erected or the work is being executed.


J.E.Mr.Rahul chaugule ward No.167 L ward BMC kurla (west)


Assistant Engineer Mr. Amol koli (DO1) Ward No.167L /Ward BMC kurla (west)

**संवाददाता/अजय उपाध्याय**

**मुंबई।** एल/विभाग मनपा प्रभाग क्र.167 कार्यक्षेत्र अंतर्गत सीटीएस क्र.555 कौशल्या निवास न्यूमिल रोड कुर्ला (प.)400070 में कानून कायदों को ताक पर रखकर मनपा के राजस्व विभाग के लाखों रुपयों के राजस्व को डुबाते हुए 100 वर्षो की जूनी लकड़ो की दो मंजिला इमारत व सार्वजनिक शौचालय को तोड़कर व पीपल के झाड़ को काटकर ठेकेदार सत्तार सहयोगी नीलेश राजमल जैन किरण भेरूलाल जैन व शंकर रूपलाल बदौला द्वारा तीन मंजिला 16 रूम का अनधिकृत नवनिर्माण किया जा रहा है जो कि सुर्खियों में है किंतु मनपा अधिकारियों को दिखाई नही दे रहा है। बता दें कि प्रभाग क्र.167 में ऐसे ही कई अवैध नवनिर्माण किये गए है जिससे भविष्य में किसी भी अपघात से इंकार नही किया जा सकता है, ठेकेदार सत्तार द्वारा बड़े पैमाने पर रुम के अनधिकृत नवनिर्माण, अंधाधुंध हो रहे है जो कि मनपा एल विभाग के बगल में स्थित है पर ये सभी अनधिकृत नवनिर्माण पर कनिष्ठ अभियंता राहुल चौगुले सहायक अभियंताअमोल कोळी की कृपादृष्टि है, जिसके चलते शिकायतों के बावजूद भी कार्यवाई नहीं करते? वही स्थानिक सामाजिक कार्यकर्ता (आरटीआई एक्टिविस्ट) अब्दुल गफ्फार सूबेदार ने इसकी लिखित शिकायत दिनांक 27 जुलाई को एल/विभाग मनपा में की थी मगर ईमारती अभियंता ने 3 महीने बाद नोटिस जारी किया जिससे अवैध निर्माण कर्ता को आसानी से कोर्ट स्टे मिल सके यदि इन अधिकारियों की उक्त अवैध नवनिर्माणों में कोई भागीदारी नही है तो वे शिकायतों पर शिकायत के बाद भी कार्यवाई क्यों नही कर रहे हैं? क्या उक्त अवैध निर्माणों से मनपा के राजस्व में बढोत्तरी हो रही है? या फिर उक्त अवैध निर्माण विभागीय अधिकारियों की आय में बढोत्तरी कर रहे है? देखना यह कि क्या नोटिस देने के बाद इस अवैध निर्माण पर विभागीय अधिकारियों द्वारा तोड़क कार्रवाई की जाएगी या फिर इस अवैध निर्माण को अभयदान दिया जाएगा।

## देव संस्कृति विश्वविद्यालय के ज्ञान दीक्षा समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जिलाधिकारी विनय शंकर पांडे ने पुष्प गुच्छ देकर किया अभिवादन

**संवाददाता/फहीम अहमद राज**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हरिद्वार में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के 40 वें ज्ञानदीक्षा समारोह में पहुंचने पर जिलाधिकारी विनय शंकर पांडे ने पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया, ज्ञान दीक्षा समारोह में मुख्यमंत्री ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी छात्र अपने परिश्रम से इस ज्ञान की गंगोत्री को सफल बनाते हुए आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि इस परमधाम में इस मौके पर आने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। प्रतिवर्ष 21 जून को आयोजित होने वाला योग दिवस इसका एक उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबको यहाँ बुलाया गया है, आप सब विशिष्ट कार्य के लिए बने हैं। मुख्यमंत्री ने छात्रों से आह्वान करते हुए कहा कि हम सब को यह संकल्प लेना चाहिए कि इस ज्ञान की गंगा के प्रभाव को कम नहीं होने देंगे और नए भारत को बनाने में सभी योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा हम सब के पास आने वाले 25 वर्षों में अमृत काल को स्वर्णिम अक्षरों में लिखने का मौका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यू इंडिया का जो सपना देखा है हम सबको उस सपने को साकार करने में अपना योगदान देना है। मुख्यमंत्री ने गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य श्रीराम शर्मा को याद करते हुए कहा कि इस संसार में बहुत कम गिने-चुने लोग हैं जिन्होंने अपने विचारों से करोड़ों लोगों का जीवन बदला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य श्रीराम शर्मा द्वारा समाज में जनजागृति लाने का पुनीत कार्य भी किया गया। कार्यक्रम में देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या ने आनलाइन जुडकर समारोह की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ज्ञानदीक्षा संस्कार विद्यार्थियों को नवजीवन प्रदान करने वाला है। जीवन में आध्यात्मिकता को उतारने का यह श्रेष्ठ अवसर है। उन्होंने कहा कि यहाँ पाठ्यक्रम के अलावा जीवन जीने की कला सिखाई जाती है, जो विद्यार्थियों को ऊँचा उठाने में सहायक है। कार्यक्रम में कुलपति शरद पारधी, प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या, पूर्व मेयर मनोज गर्ग, जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 योगेन्द्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) पी0एल0 शाह, सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह, एसडीएम पूरन सिंह राणा, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, देश-विदेश से आये विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकगण मौजूद रहे।






## जोधपुर के वरिष्ठ समाजसेवी राठौड़ रक्तवीर सम्मान से सम्मानित, समाजसेवा में अब तक 99 बार कर चुके हैं रक्तदान

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** मौसबी भी ग्रुप नागौर द्वारा आयोजित भारतीय वीर सैनिक सम्मान समारोह समारोह में जोधपुर के नरेंद्र सिंह राठौड़ को रक्त वीर सम्मान से सम्मानित किया गया हैं। नरेंद्र सिंह आज तक 99 बार रक्तदान कर चुके हैं और अपने देहदान की घोषणा भी कर चुके हैं और यह कैंसर पेशेंट को अपने बाल भी दान करेंगे। गौरतलब हैं कि राठौड़ समाजसेवा के कामों में सदैव अग्रणी रहते हैं। राठौड़ को मिले सम्मान के लिए राजस्थान संपादक एवं प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष भैरु सिंह राठौड़, समाजसेविका आशा कंवर जोधा, उदयपुर की वरिष्ठ समाजसेविका के. बी. सुखवाल, भीलवाड़ा से एडवोकेट पीरु सिंह गौड़, श्रीगंगानगर से वरिष्ठ पत्रकार सुश्री पुष्पा भाटी आदि ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मलाई का नहीं है कोई साइड इफेक्ट, Skin के लिए है रामबाण



## मलाई और इसके फायदे

ज्यादातर लोग दूध की मलाई को नुकसानदेह मानते हैं जिससे लोग इसे दूध से निकालकर फेंक देते हैं। लेकिन स्किन केयर एक्सपर्ट्स के अनुसार मलाई नुकसानदेह नहीं बल्कि बेहद फायदेमंद है। दूध की मलाई कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है जिसे चेहरे पर लगाने से कई तरह के चमत्कारिक बदलाव देखने को मिलते हैं। यहां हम आपको मलाई के इस्तेमाल से स्किन को होने वाले फायदों के बारे में बता रहे हैं...

**ऐसे करें यूज** - दूध से निकलने वाली मोटी क्रीम या मलाई को आप स्किन पर डायरेक्ट लगा सकती हैं या चाहें तो किसी नैचरल इन्ग्रीडिएंट जैसे नींबू का रस, गुलाब जल, दूध, हल्दी या दालचीनी पाउडर के साथ मिक्स करके लगा सकती हैं। इससे आपकी स्किन को और अधिक फायदा होगा। एक्सपर्ट्स की मानें तो मलाई का कोई साइड इफेक्ट नहीं है इसलिए आप इसे किसी भी तरह की स्किन पर लगा सकती हैं और फायदा आपको जल्द ही देखने को मिलेगा।

**ऐंटि-एजिंग** - स्किन को जवां बनाने के लिए हर तरह की ऐंटी एजिंग क्रीम लगाकर थक चुकी हैं तो अब मलाई यूज करके देखें। मलाई का इस्तेमाल फेस पैक के तौर पर या स्क्रब के तौर पर हर रोज करें। इस फ्रेश मलाई में मौजूद प्रोटीन और विटमिन स्किन पर झुर्रियां पड़ने से रोकते हैं जिससे आपकी स्किन लंबे समय तक ग्लोइंग रहती है।

**डार्क स्पॉट हटाने में कारगर** - जब मलाई को फ्रेश नींबू के रस के साथ फेस पर लगाया जाता है तो मलाई डेड स्किन सेल को फिर से सक्रिय कर देती है जो कि डार्क स्पॉट के कोर में मौजूद होती है। मलाई और नींबू के मिश्रण को स्किन पर आराम से लगाएं, सूखने दें और फिर ठण्डे पानी से चेहरे को धो लें। इसके नियमित इस्तेमाल से चेहरे से डार्क स्पॉट खत्म हो जाएंगे।

**स्किन की रंगत निखरेगी** - ब्यूटी एक्सपर्ट्स के अनुसार होममेड मलाई में मौजूद लैक्टिक ऐसिड टैनिंग को दूर करने में बेहद फायदेमंद है। ये स्किन को डी-टैन करता है जिससे आपकी त्वचा लाइट होती है और साथ ही साथ आपकी स्किन हेल्दी भी होती है।

# वजन घटाना है, परेशान न हों, पिएं मूंग दाल का पानी



मूंग की दाल हर कोई चाव से खाना पसंद करता है। घरों में मूंग की दाल की कई तरह की वरायटी बनाई जाती है। मूंग की दाल हमारी सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है क्योंकि इसमें काफी मात्रा में पौष्टिक तत्व होते हैं। इसके सेवन से अनीमिया दूर करने के साथ ही वजन कम करने में भी मदद मिलती है। आयुवेर्दाचार्य डॉ. सरोज पांडेय की मानें तो मूंग की दाल में भारी मात्रा में कैल्शियम, मैग्नेशियम, पोटैशियम और सोडियम होता है। इसमें अच्छी मात्रा में विटमिन-सी, कार्ब्स और प्रोटीन के साथ डायटरी फाइबर भी है। मूंग की दाल के फायदों पर डालें एक नजर...

**वजन होता है कम**

अगर आप वजन घटाने को लेकर परेशान हैं तो मूंग दाल का पानी आपकी हर चिंता का हल है। ये न सिर्फ आपकी कैलरी कम करती है बल्कि इसका पानी पीने से लंबे वक्त तक भूख का भी अहसास नहीं होता है। इसे पीने से न सिर्फ आप एनर्जेटिक फील करते हैं बल्कि आसानी से वजन भी कम कर सकते हैं।

**हल्की होती है दाल**

कई बार होता है कि शरीर से काफी मात्रा में पसीना बह जाने के कारण इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। मूंग की दाल का पानी पीने से शरीर में एनर्जी की पूर्ति होती है। ये शरीर और मस्तिष्क के लिए भी काफी फायदेमंद होती है।

**बच्चों के लिए हेल्दी**

मूंग की दाल का पानी छोटे बच्चों के लिए भी काफी स्वास्थ्यवर्धक होता है। दाल का पानी आसानी से पच जाता है। इसे पीने से शिशु की इम्यून पावर यानी रोगों से लड़ने की क्षमता भी बढ़ती है।

**दस्त होने पर भी**

अगर आपको दस्त या डायरिया की समस्या हो गई है तो इसके लिए आप एक कटोरी मूंग दाल का पानी पी लीजिए। ये न सिर्फ आपके शरीर में पानी की आपूर्ति को पूरा करेगा बल्कि मूंग दाल का पानी पीने से दस्त की समस्या भी कम हो जाएगी।

# तेजी से बाल बढ़ाने में असरदार है एलोवेरा, होते हैं ढेरों फायदे



गलत खान-पान और बालों के लिए गलत प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से बालों पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में बालों के झड़ने की समस्या होती है। आजकल, हर कोई इस समस्या से जूझ रहा है। एलोवेरा ऐसे लोगों की मदद कर सकता है। बाजार में मौजूद हेयर प्रोडक्ट्स की तरह एलोवेरा का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। यह बालों के लिए प्राकृतिक उपचार की तरह होता है। आइए, जानते हैं कि इसके और कौन-कौन से फायदे हैं।

**इची स्कैल्प से राहत** - डैंड्रफ की वजह से स्कैल्प में होने वाली इचिंग से राहत दिलाने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल किया जा सकता है। कई अध्ययनों में यह साबित किया जा चुका है कि एलोवेरा डैंड्रफ के कारकों का सफाया करने में माहिर है।

**बालों को बनाए मजबूत**

एलोवेरा में विटामिन ए, सी और ई काफी मात्रा में पाए जाते हैं। ये सभी हेल्दी सेल ग्रोथ को प्रोमोट करते हैं और बालों को चमकदार बनाते हैं। इसमें मौजूद विटामिन बी 12 और फोलिक एसिड बालों को गिरना रोकने में मददगार होते हैं।

**हेयर ग्रोथ बढ़ाने में कारगर** - एलोवेरा रक्त संचार बढ़ाने में असरदार होता है। जब आप इसे अपने बालों या स्कैल्प पर इस्तेमाल करते हैं तो यह वहां खून का संचार बढ़ा देता है। इससे बालों की ग्रोथ में वृद्धि होती है। इससे तेजी से नए बाल भी आते हैं।

**ऑयली हेयर्स के लिए फायदेमंद** - एलोवेरा में बालों में मौजूद अतिरिक्त मात्रा को नियंत्रित करने के गुण होते हैं। यह बालों के बढ़ने की गति भी तेज करता है। इसके लिए सीधे एलोवेरा जेल को अपने बालों में लगाएं।

**गंजापन करे दूर** - एलोवेरा गंजापन दूर करने में भी असरदार है। इसमें नए बाल उगाने के गुण भी होते हैं। इसके लिए एलोवेरा को आप शैंपू की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।

**२सावधानियां** - एलोवेरा के इस्तेमाल से पहले यह जरूर तय कर लें कि आपको इससे एलर्जी तो नहीं है। इसके लिए आप पैच टेस्ट कर सकते हैं। थोड़ा सा एलो



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# फिल्म निर्माताओं, लेखकों का भरोसा आत्मविश्वास बढ़ा देता है: रकुल प्रीत सिंह

**अभिनेत्री** रकुल प्रीत सिंह ने कहा है कि उनकी प्रतिभा पर निर्माताओं और लेखकों का भरोसा किसी फिल्म के निर्माण में उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा देता है। रकुल, आगामी सोशल कॉमेडी 'छतरीवाली' में मुख्य किरदार निभा रही हैं। 'छतरीवाली' का निर्देशन तेजस प्रभा विजय देवस्कर ने किया है। फिल्म में रकुल कॉन्डम बनाने वाली कंपनी के गुणवत्ता नियंत्रण प्रमुख की भूमिका निभा रही हैं। रकुल ने कहा, मैं अपने कंधों पर फिल्म की बड़ी जिम्मेदारी महसूस कर रही हूं क्योंकि पूरी टीम का विश्वास आप पर होता है, जो अपने आप में बहुत बड़े प्रेरक का काम करता है। उनका मानना है कि महिला केंद्रित फिल्मों का निर्माण कहानी लेखन में हुई उन्नति और विविध कहानियों के प्रति दर्शकों के खुलेपन का नतीजा है। रकुल ने कहा, जैसे-जैसे साल बीत रहे हैं और महिला केंद्रित फिल्मों की पटकथा लिखी जा रही है। जाह्नवी कपूर, सारा अली खान और अन्य अभिनेत्री महिला केंद्रित फिल्मों में काम कर रही हैं क्योंकि पटकथा लेखन में विकास हुआ है। साथ ही दर्शक भी ऐसी फिल्में देखने को तैयार हैं।



# अंकिता लोखंडे ने फाइनली प्रेग्नेंसी रूमर्स पर तोड़ी चुप्पी

**टीवी** के मशहूर शो पवित्र रिश्ता फेम अंकिता लोखंडे काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग रखती हैं। एक्ट्रेस ने ना केवल छोटे पर्दे पर बल्कि बॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग का जादू चलाया हुआ है। अपने अभिनय के अलावा एक्ट्रेस अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। अंकिता लोखंडे इन दिनों पति विक्की जैन संग शादी-शुदा जिंदगी को एन्जॉय कर रही हैं। भले ही वो टीवी सीरियल्स से दूर हों, लेकिन हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं। कुछ दिनों पहले अंकिता लोखंडे की प्रेग्नेंसी की अफवाहें उड़ी थीं। एक्ट्रेस की तस्वीरें देख लोगों ने सवाल करना शुरू कर दिया था कि क्या वह मां बनने वाली हैं। वहीं इन अटकलों के बीच अब खुद अंकिता लोखंडे ने बेबी प्लानिंग पर चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में अंकिता लोखंडे ने 'डांस इंडिया डांस सुपर मॉम्स' में अपनी ऑनस्क्रीन सासू मां ऊषा नाडकरनी के साथ एंट्री मारी। वहां उन्होंने न केवल सुपर मॉम्स के डांस का लुत्फ उठाया, बल्कि खुद उर्मिला मातोंडकर के साथ भी डांस का तड़का लगाती नजर आईं। वहीं इसी बीच मौका देखते हुए शो के होस्ट जय भानुशाली ने अंकिता लोखंडे से बेबी प्लानिंग पर सवाल कर लिया, जिसका जवाब एक्ट्रेस ने हमेशा की तरह बड़ी ही बेबाकी से दिया। दरअसल, जय भानुशाली ने अंकिता से सवाल किया, बता भी दो आप खुद सुपर मॉम कब बन रही हो? इसका जवाब देते हुए अंकिता ने कहा, अभी तो मैं बेबी हूं, खुद बेबी हूं।



# लाइगर के फ्लॉप होने से प्रोड्यूसर को हुआ करोड़ों का नुकसान



**साउथ** के मशहूर एक्टर और बॉलीवुड में अपना नाम बनाने वाले विजय देवरकोंडा एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। दरअसल विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडेय स्टारर फिल्म लाइगर हाल ही में परदे पर रिलीज हुई थी। जिसे दर्शकों का थोड़ा भी प्यार नहीं मिलने की वजह से फिल्म को आंधे मुँह गिरना पड़ गया। वही  फिल्म के फ्लॉप होने के बाद प्रोडूसर्स को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा हैं। अब लेकिन इस नुकसान का भरपाई करने के लिए साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा खुद आगे आए हैं। साथ ही एक्टर ने एक बड़ा ऐलान भी कर दिया हैं। खबर के मुताबिक यह फिल्म 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के बजट में बनी है। हालांकि, लाइगर बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करने में पूरी तरह नाकाम रही। वही मिल रहे ताजा रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म के लीड अभिनेता विजय देवरकोंडा ने उन फिल्म निर्माताओं को 6 करोड़ रुपये से अधिक रुपए देने का फैसला किया है, जिन्हें बड़ा नुकसान हुआ है। साथ ही उड़ती-उड़ती खबरे ये भी आ रही है कि विजय ने चार्मी कौर और दूसरे को-प्रोड्यूसर के नुकसान की भरपाई का फैसला किया है। इससे पहले भी खबर आई थी कि फिल्म के निर्माता पुरी जगन्नाथ ने उन वितरकों को मुआवजा देने का फैसला किया है जिन्हें लाइगर के फ्लॉप होने पर भारी नुकसान उठाना पड़ा है। वही 'अर्जुन रेड्डी' स्टार ने तो बायकॉट करने वालों को सीधा चैलेंज दिया था कि अगर मेरी फिल्म नहीं पसंद तो मत देखने आओ। यहीं बातें विजय के लिए मुसीबत का सबब बन रही हैं।